PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Business Bhaskar, Faridabad**
**Wednesday 29th January 2014, Page: 3**
**Width: 7.80 cms, Height: 6.05 cms, a4, Ref: pmin.2014-01-29.50.41**

# इप्का लैब का मुनाफा 58 फीसदी बढ़ा

**प्रेट्र ▶ नई दिल्ली...** वित्त वर्ष 2013-14 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान दवा निर्माता कंपनी इप्का लैबोरेट्रीज का शुद्ध मुनाफा बीते वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 58 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 139.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2012-13 की तीसरी तिमाही के दौरान कंपनी ने 87.89 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर की गई एक फाइलिंग में इप्का लैब ने यह जानकारी दी है। फाइलिंग के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान कंपनी की शुद्ध बिक्री भी बीते वित्त वर्ष की समान अवधि की 692.41 करोड़ रुपये से बढ़कर 815.15 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। मंगलवार को बीएसई पर कंपनी के शेयर का भाव 3.89 फीसदी की बढ़त के साथ 798.30 रुपये पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय कंपनी का पूंजीकरण 10,072 करोड़ रुपये पर दर्ज किया गया।

CO